सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज


www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 26 MAY TO 01 JUNE 2023 • VOLUME 44 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863


**प्रेरणा**

जब आप कोई अच्छा काम करें और लोग उसे नजर अंदाज करें तो कभी दुखी मत होना क्योंकि जब सूरज निकलता है तो बहुत से लोग सो रहे होतें हैं।

जल है तो कल है


INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD




E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply


# सीएम मान को केंद्र ने दी जैड प्लस सुरक्षा

## अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद लिया फैसला

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान की सुरक्षा को सख्त कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को केंद्र सरकार ने सीएम मान को पूरे भारत में सीआरपीएफ की 'जेड प्लस' सुरक्षा कवर प्रदान करने का फैसला लिया है। मान के पास पहले से ही पंजाब पुलिस का सुरक्षा कवर है। ऐसे में सीआरपीएफ का जैड+ कवर मिलने से उनके सुरक्षा लेयर डबल हो गई है।

जैड+ सुरक्षा मिलने के बाद अब सीएम भगवंत मान की सुरक्षा में 55 कमांडो तैनात होंगे। इसमें 10 से ज्यादा एनएसजी कमांडो शामिल होंगे। इन कमांडो को विशेषज्ञ मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध प्रशिक्षण प्राप्त होता है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था में भी कई बदलाव होंगे। जैसे कि अखिल भारतीय अग्रिम सुरक्षा संपर्क (एएसएल) सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति, उसकी आवाजाही के लिए बैलिस्टिक रेटिंग वाहन और जैमर, और उसके लिए हर समय पुख्ता समीपस्थ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## विपक्षी एकता में जुटे अरविंद केजरीवाल को मिला शरद पवार का भी साथ



केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) भी दिल्ली के लोगों का साथ देगी। गुरुवार को मुम्बई में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने समर्थन देने का एलान किया। इस दौरान उन्होंने गैर भाजपा दलों के नेताओं को भी राज्यसभा में इस बिल के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए राजी करने का आश्वासन दिया। शरद पवार ने कहा कि यह सवाल दिल्ली या 'आप' का नहीं है, बल्कि यह देश में चुनी हुई सरकारों को मिले अधिकारों को बचाने का है। वहीं, ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने समर्थन देने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों के खिलाफ लाए गए काले अध्यादेश को हम सबको मिलकर संसद में रोकना है। एनसीपी और पवार साहब राज्यसभा में दिल्ली के लोगों का साथ देंगे। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, ''आप'' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व राघव चड्ढा और शिक्षा मंत्री आतिशी मौजूद रहीं।

# सियासी घमासान में फंसा नए संसद भवन का उद्घाटन

*सुबह 7:30 बजे हवन, पीएम मोदी का संबोधन, 20 दलों का बहिष्कार, 25 ने किया स्वीकार, ऐसा है नए संसद भवन के उद्घाटन का पूरा कार्यक्रम*



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 28 मई को संसद भवन का उद्धाटन करेंगे। वो संसद जो अपने निर्माण के साथ ही सियासी घमासान में फंसी हुई है। प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया से लौटे तो इसी पर इशारों में तंज भी कसा। विपक्ष के रवैये पर सवाल भी खड़े किए। संसद में 40 में से 20 दलों ने बहिष्कार का ऐलान किया वहीं बीजेपी समेत 17 दलों ने संसद में जाने की हामी भर दी है। कुछ दलों ने अपना स्टैंड साफ नहीं किया है।

देश की सियासत इन दिनों नई संसद पर आकर ठहर-सी गई है। मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के नए संसद भवन के उद्घाटन का है। कोई इसे राष्ट्रपति के सम्मान से जोड़ रहा है तो कोई प्रतीकों को लेकर सवाल खड़े कर रहा है। विपक्ष के लिए ये मुद्दा कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पहली बार मोदी सरकार के खिलाफ 20 विपक्षी पार्टियां एकजुट हो गई हैं। जिन्होंने संसद के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। लेकिन विरोध केवल उद्घाटन का ही नहीं है बल्कि पूरे संसद परिसर का है। विरोध करने वालों में कांग्रेस, डीएमके, तृणमूल, जेडीयू, शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी, माकपा, सपा, आईयूएमएल, जेकेएनसी, भाकपा, एआईएमआईएम, आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, केरल कांग्रेस (एम), विदुथलाई चिरुथिगल कच्ची, रालोद, राजद, रिव्येल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, एआईयूडीएफ, एमडीएमके शामिल हैं। अगर संसद में इनकी सीटों का गणित देखा जाए तो लोकसभा में उनकी कुल ताकत 147 और राज्यसभा में 96 है।

नई संसद पर सियासत के बीच सरकार की तरफ से शुभारंभ का पूरा प्लान शेयर किया गया है। इसमें बताया गया है कि सुबह 7:30 से 8:30 बजे हवन और पूजा। 9 बजे सेंगोल को स्थापित किया जाएगा। इसके लिए तमिलनाडु के मठ से 20 स्वामी मौजूद रहेंगे। दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से राष्ट्रगान के साथ शुरू होगा। इस दौरान दो लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा डिप्टी चेयरमैन सहित कई मंत्री मौजूद रहेंगे। आखिरी में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन होगा और दोपहर 2:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। संसद भवन के उद्घाटन समारोह में 25 पार्टियां शामिल होंगी।

# पंजाब पुलिस द्वारा सिम डिस्ट्रीब्यूटरों / एजेंटों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, 52 एफआईआर दर्ज, 17 गिरफ्तार

*डीजीपी गौरव यादव ने कहा- पंजाब में नकली दस्तावेज़ों के साथ जारी किये 1.8 लाख से अधिक सिम कार्ड किये ब्लॉक*

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



नकली दस्तावेज़ों के आधार पर सिम कार्ड जारी करने के रुझान, जो सुरक्षा के लिए बड़ा ख़तरा बन गया है, को रोकने के लिए, पंजाब पुलिस ने कथित तौर पर नकली पहचान / नकली दस्तावेज़ों का प्रयोग कर जारी किये 1.8 लाख से अधिक सिम कार्डों को ब्लॉक करवा दिया है। यह जानकारी आज डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस ( डीजीपी), पंजाब गौरव यादव ने दी। बताने योग्य है कि पंजाब पुलिस के आंतरिक सुरक्षा विंग द्वारा दूरसंचार विभाग ( डीओटी) के सहयोग से पहचान के नकली सबूतों के आधार पर सिम कार्ड बेचने वाले डिस्ट्रीब्यूटरों / एजेंटों के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही शुरू की गई है, क्योंकि ज़्यादातर साईबर अपराधों और देश विरोधी कार्यवाहियों को नकली दस्तावेज़ों पर या तीसरे पक्ष के नामों का प्रयोग कर जारी किये मोबाइल नंबरों के द्वारा अंजाम दिया जाता है।

डीजीपी ने बताया कि नकली सबूतों के आधार पर सिम कार्ड बेचने वाले प्वाइंट ऑफ सेल्ज ( पीओएस) डिस्ट्रीब्यूटरों / एजेंटों और अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी सख़्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस टीमों ने नकली दस्तावेज़ों पर सिम कार्डों की बिक्री में शामिल ऐसे 17 व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया है। इसके अलावा राज्य भर में पिछले तीन दिनों के दौरान 52 एफआईआरज़ दर्ज की गई हैं।



## सत्येंद्र जैन की हालत गंभीर, ICU में किया गया शिफ्ट

**नई दिल्ली.** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और आप नेता सत्येंद्र जैन को गुरुवार को तबीयत बिगड़ने के बाद लोक नायक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। इससे पहले जैन को तिहाड़ जेल के बाथरूम में गिरने के बाद डीडीयू अस्पताल ले जाया गया था, जहां वह पिछले एक साल से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार होने के बाद से बंद हैं। इससे पहले दिन में, दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने लोक नायक अस्पताल से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की एक तस्वीर जारी की थी, जिसमें उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ बिस्तर पर लेटे हुए देखा जा सकता है।

# मान का चन्नी को चैलेंज, कहा- '31 मई दोपहर 2 बजे तक जानकारी दें वरना...'



**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक बार फिर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चन्नी पर खिलाड़ी से नौकरी की एवज में 2 करोड़ रुपए मांगने के आरोप को लेकर कहा, 'ये जानकारी 31 मई 2 बजे तक पब्लिक करें, नहीं तो उन्होंने जो दावा किया है, उससे जुड़ी तस्वीर वो खुद जारी करेंगे।'

दरअसल, भगवंत मान ने दो दिन पहले खुले मंच से कहा था कि चन्नी अपने राज में खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए भतीजों-भांजों के पास भेजते थे और उनके रिश्तेदार नौकरी का सौदा करते थे। एक क्रिकेटर को नौकरी के लिए इनके भांजे ने 2 करोड़ देने को कहा था।

वहीं चरणजीत चन्नी ने इस आरोप को बेबुनियाद बताकर खारिज किया था। बता दें कि चन्नी ने कहा था कि उन्होंने किसी से भी न तो सीधे और न ही अपने रिश्तेदारों के माध्यम से नौकरी या बदलियों के लिए पैसे नहीं लिए। भगवंत मान की सारी बातें झूठ की बुनियाद पर टिकी हुई हैं।

## चन्नी ने कहा- मैं गुरुघर में रख चुका हूं अपना पक्ष

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को खुली चेतावनी दी। भगवंत मान ने ट्वीट करके चरनजीत सिंह चन्नी को अपने भतीजे द्वारा खिलाड़ी से पैसे मांगने की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए कहा है। वहीं, अब पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भगवंत मान को ट्वीट छोड़ एक्शन लेने के लिए कह दिया है। उन्होंने कहा कि मैं गुरूघर में अपना पक्ष रख चुका हूं।

# प्रवीण सूद ने सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली.** प्रवीण सूद, भा.पु.सेवा के अधिकारी, 1986 बैच (कर्नाटक संवर्ग) ने सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला। सीबीआई से जुड़ने के पूर्व, वह कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक के तौर पर कार्यरत थे। सूद ने भा.पु.सेवा में अपने लगभग 37 वर्षों के लंबे कार्यकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इनमें बेल्लारी व रायचूर के पुलिस अधीक्षक; अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) बेंगलुरु शहर; पुलिस आयुक्त, मैसूर शहर एवं बेंगलुरु शहर; एडीजीपी; प्रधान सचिव (गृह); डीजीपी (आंतरिक सुरक्षा) तथा डीजीपी (सीआईडी) शामिल है। उन्होंने मॉरीशस सरकार के सलाहकार के रूप में काम किया। उन्होंने हाई नेट-वर्थ व्यक्तियों से जुड़े हाई प्रोफाइल मामलों एवं अंतर-राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव वाले मामलों की जांच की और साइबर अपराध, सूचना प्रौद्योगिकी आदि सहित



अपराध की जांच और ख़ोज की भी निगरानी की है। विशेष रूप से, उन्होंने सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क & सिस्टम्स) और न्यायपालिका के साथ आई सी जे एस (इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) नेटवर्क को कर्नाटक राज्य में मजबूत करने के लिए काम किया।

# लिंग-विभेद रोधी तथा भ्रष्टाचार-रोधी प्रयास : जी-20 के लिए एजेंडे का निर्धारण

**नई दिल्ली.** जी-20 भ्रष्टाचार-रोधी कार्यसमूह की बैठक, जो इस महीने के अंत में ऋषिकेश में आयोजित की जायेगी, के महत्वपूर्ण विषयों में एक है - भ्रष्टाचार का लैंगिक आयाम। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए भ्रष्टाचार का अनुभव अलग होता है, क्योंकि वे आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक कमजोर होती हैं। भेदभाव के ऐतिहासिक पैटर्न पर आधारित लैंगिक शक्ति विभेद, भेदभावपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा दे सकते हैं, जो महिलाओं को बलपूर्वक भ्रष्टाचार और शोषण के अन्य रूपों की पीड़ा देते हैं।

इसके अलावा, सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप, रूढ़िबद्ध लैंगिक सामाजिक भूमिकायें और विशिष्ट आवश्यकतायें महिलाओं के लिए गतिविधि के क्षेत्रों का निर्धारण करतीं हैं, जहाँ उन्हें भ्रष्टाचार के उच्च जोखिम का अक्सर सामना करना पड़ता है। जहां महिलाएं परिवार की प्राथमिक देखभाल करने वाली की भूमिका निभातीं हैं, वहां उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और स्वच्छता जैसी सार्वजनिक सेवाओं की सुविधा के लिए नियमित रूप से भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। इस बात पर आम सहमति है कि भ्रष्टाचार का महिलाओं की शिक्षा के परिणामों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है और यह उनके मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ लैंगिक समानता को प्रभावित करता है, जिससे अंततः दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक प्रगति भी प्रभावित होती है। भ्रष्टाचार-विभेद के प्रभाव को देखते हुए श्रम बाजार और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के समावेश पर भी विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि विविधता के विस्तार और समावेश में वृद्धि से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

आईएलओ के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि 25 से 54 वर्ष की आयु-वर्ग के लोगों के बीच श्रम बल भागीदारी में लैंगिक अंतर 29.2 प्रतिशत है, जिसमें महिला भागीदारी 61.4 प्रतिशत और पुरुष भागीदारी 90.6 प्रतिशत है। भ्रष्टाचार से संबंधित कानूनों समेत उपयुक्त विधायी और संस्थागत व्यवस्थाओं को लागू करने से औपचारिक अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है। कई अध्ययनों ने निर्विवाद रूप से स्थापित किया है कि कैसे सूचना विषमता के परिणामस्वरूप महिलाओं की ऋण सुविधा तक पहुंच सीमित हो जाती है, जिससे उनके व्यापार निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों में कमी आती है।

वित्तीय सेवाओं का डिजिटलीकरण एक समाधान हो सकता है, लेकिन पूरी दुनिया में एक बहुत स्पष्ट डिजिटल लैंगिक अंतर मौजूद है। अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, केवल 57 प्रतिशत महिलाओं की इंटरनेट तक पहुंच है, जबकि पुरुषों के लिए यह संख्या 62 प्रतिशत है। इस कारण, ई-वाणिज्य और डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध असंख्य अवसरों के उपयोग करने के क्षेत्र में महिलायें गंभीर नुकसान की स्थिति में होतीं हैं। विश्व के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया जाता रहा है।

# रिश्वत लेने के दोष तहत दो एएसआई गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी अपनी मुहिम के दौरान आज दो सहायक सब इंस्पेक्टरों (ए.एस.आई.) बलजिन्दर सिंह मंड, इंचार्ज पुलिस चौकी, फेज-6, एस.ए.एस. नगर और इसी पुलिस चौकी में तैनात उसके साथी ए.एस.आई. कुलदीप सिंह को 25,000 रुपए की रिश्वत मांगने और लेने के दोष अधीन गिरफ़्तार किया है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पुलिस कर्मचारियों को रविन्दर कुमार निवासी मुंडियाँ कलाँ, लुधियाना की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से सम्पर्क कर बताया कि उसके पारस नाम के दोस्त को उक्त थाना इंचार्ज ने शराब के मामले में गिरफ़्तार किया था और दोनों पुलिस कर्मचारी अदालत से पारस, जिसका आने वाले दिनों में विवाह होना तय था, की ज़मानत कराने में मदद करने के बदले पहले ही अलग-अलग तारीखों पर 45,000 रुपए ले चुके हैं। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उक्त पुलिस कर्मचारी अब इसी शराब के मामले में पारस के साथ उसके एक अन्य दोस्त हरमीत सिंह को बतौर सह-दोषी शामिल न करने के बदले 50,000 रुपए और माँग रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त दोषों की प्राथमिक जांच के बाद उडन दस्ता-1 पंजाब, एस.ए.एस. नगर की टीम ने जाल बिछाया और पुलिस चौकी इंचार्ज बलजिन्दर सिंह मंड को दो सरकारी गवाहों की हाजिऱी में शिकायतकर्ता से 25,000 रुपए रिश्वत लेते हुए मौके पर ही काबू कर लिया। इसके साथ ही इस केस के तफतीशी अफ़सर और बलजिन्दर सिंह मंड के साथी कर्मचारी ए.एस.आई कुलदीप सिंह को भी विजीलैंस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

## 7,000 रुपए रिश्वत लेता क्लर्क रंगे हाथों काबू

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के दौरान आज फुटकर शाखा, तहसील कार्यालय, संगरूर में तैनात क्लर्क अंकित गर्ग को 7,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस मामले में उसके साथी और सह दोषी कृष्ण कुमार जूनियर सहायक के विरुद्ध भी रिश्वत माँगने का केस दर्ज किया गया है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कर्मचारियों के विरुद्ध रिश्वतखोरी का यह मामला संगरूर के एक आईलैट्स इंस्टीट्यूट के मालिक हरकीरत सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से सम्पर्क कर दोष लगाया है कि उक्त कार्यालय के क्लर्क अंकित गर्ग और जूनियर सहायक कृष्ण कुमार ने उसके इंस्टीट्यूट के लिए ज़िला प्रशासन से लाइसेंस प्राप्त करने सम्बन्धी रिपोर्ट उसके पक्ष में देने के बदले रिश्वत के तौर पर 20,000 रुपए की माँग की, परन्तु सौदा 12,000 रुपए में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उक्त मुलज़िम रिश्वत की पहली किश्त के तौर पर 5,000 रुपए पहले ही ले चुके हैं और बाकी रकम की माँग कर रहे हैं। प्रवक्ता ने आगे बताया कि पटियाला रेंज की विजीलैंस टीम ने दोषों की प्राथमिक जाँच के उपरांत जाल बिछाकर दोषी अंकित गर्ग को दो सरकारी गवाहों की हाजिऱी में शिकायतकर्ता से 7,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही काबू कर लिया।

# गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को घुमा लाएं कश्मीर के पास ये हिल स्टेशन, पूरी **दुनिया है** यहां की **दीवानी**

**DHARAM YATRA**

**कश्मीर को जमीन की जन्नत के नाम से पुकारा जाता है। इस जगह के आसपास कुछ ऐसी जगह हैं जहां की सैर आप बच्चों के साथ गर्मियों की छुट्टियों में कर सकते हैं। जानिए, जगहों के नाम-**




• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

जम्मू-कश्मीर की खूबसूरती की पूरी दुनिया दीवानी है। इस जगह को कई लोग धरती का स्वर्ग भी कहते हैं। चारों ओर बर्फ की चादर से ढके इस खूबसूरत शहर को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते रहते हैं। गर्मी के मौसम में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना एक अच्छा ऑप्शन है। गर्मियों की छुट्टियों में भी पर्यटक घूमने-फिरने के लिए इस जगह को चुनते हैं। अगर आप पहले कभी कश्मीर घूम कर आ चुके हैं या फिर पहली बार जा रहे हैं तो इसके आसपास की जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां जानिए कश्मीर के पास घूमने की जगह-




### श्रीनगर

श्रीनगर एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां की सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। झेलम नदी के किनारे पर बसे इस हिल स्टेशन में पूरे साल मौसम सुहावना रहता है। यहां दिखने वाले खूबसूरत नजारों की कोई कमी नहीं है। यहां आप हाउस बोट का लुत्फ भी उठा सकते हैं। अगर आप बोटिंग कर ही रहे हैं तो सूर्यास्त के समय को चुनें। क्योंकि इस दौरान यहां का नजारा देखने लायक होगा।

### सोनमर्ग

सोनमर्ग एक ऐसा खूबसूरत शहर है जो झील और ग्लेशियरों से भरा है। ये जगह सभी पर्यटकों को अपना दीवाना बना देती है। गर्मियों की छुट्टियों में आप इस जगह पर जा सकते हैं। यहां पर मौजूद झीलों में आप मछलियों को पकड़ सकते हैं।

### जम्मू

जम्मू भी अपने प्राचीन मंदिरों और सुंदर महलों के लिए जाना जाता है। इस जगह को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। बर्फ से ढके पहाड़ और घाटियां इस जगह की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। यहां पर कुछ फेमस मंदिर हैं, जो देखने लायक हैं।

### पटनीटॉप

बच्चे अगर एडवेंचर एक्टिविटीज के शौकीन हैं तो आप इस जगह पर उन्हें जरूर लेकर जाएं। यहां आप स्कीइंग और ट्रेकिंग के साथ-साथ पानी के झरनों में नहाने जैसी एक्टिविटी में भी शामिल हो सकते हैं। यहां पैराग्लाइडिंग का मजा भी ले सकते हैं।

---

**FASHION+**

# मानुषी छिल्लर की बैकलेस ड्रेस पर अटकी लोगों की निगाहें, कीमत कर देगी हैरान

**कान फिल्म फेस्टिवल में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर का गॉर्जियस अंदाज देखने को मिल रहा है। अपनी फैशन च्वॉइस से वो हर किसी को इंप्रेस कर रही हैं। लेटेस्ट लुक में बैकलेस ड्रेस में दिखी**




• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर का गॉर्जियस लुक देखने को मिला। अपनी फैशन च्वॉइस से वो लोगों को इंप्रेस करते दिखीं। फिर वो चाहे रेड कार्पेट पर व्हाइट सिंड्रेला गाउन हो या फिर ब्लैक ऑफ शोल्डर मिडी ड्रेस। मानुषी काफी एलिगेंट एंड अट्रैक्टिव लुक में नजर आईं। वहीं कान फिल्म फेस्टिवल से उनका लेटेस्ट लुक सामने आया है। जिसमे वो बैकलेस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं और उनका ये अंदाज इंटरनेट यूजर्स को काफी पसंद आ रहा है।

### पहनी स्लिप ड्रेस

कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंची मानुषी छिल्लर ने इन फोटोज को शेयर किया है। जिसके साथ कैप्शन लिखा है कान में एक साधारण दिन। हालांकि उनका कान फिल्म फेस्टिवल में दिख रहा साधारण लुक भी फैंस को पसंद आ रहा है। मानुषी छिल्लर ने टिफिनी ब्लू कलर की स्लिप ड्रेस को इस मौके के लिए चुना है। जिसकी प्लजिंग नेकलाइन, बैकलेस डिटेल और गोल्ड मेटल स्पेगेटी स्ट्रैप्स और फिगर हगिंग फैब्रिक परफेक्ट लुक दे रही थी।

वहीं इस ड्रेस को मानुषी ने गोल्डन स्ट्रैपी हाई हील्स के साथ पेयर किया है। साथ में यूनिक गोल्ड बैक और स्टेटमेंट ईयररिंग्स लुक को परफेक्ट दिखाने के लिए काफी हैं। सेंटर पार्टेड स्लीक लो बन, बोल्ड स्मोकी आई शैडो, कोहल लाइनर, वेल डिफाइन आईब्रो, न्यूड पिंक लिपस्टिक और बीमिंग हाईलाइटर पूर्व मिस वर्ल्ड को अट्रैक्टिव लुक दे रहे हैं।

### ड्रेस की कीमत है खास

मानुषी छिल्लर की सिंपल एंड हॉट स्लिप ड्रेस की कीमत भी बेहद खास है। जिसे सुन हैरानी होगी। लक्जरी क्लोदिंग ब्रांड गलवान लंदन के कलेक्शन से ली गई इस ड्रेस की कीमत करीब 1295 यूरो है। जिसकी भारतीय रुपये में कीमत है करीब 1,33,504 रुपये।



---

# खाने में जान **डाल देती** हैं चटपटी दही की चटनी, बनाने का **तरीका** है **बिल्कुल आसान**

**रोज के खाने में अगर तीखा और चटपटे की कमी लगती है तो चटनी बनाकर रख सकती हैं। दही से बनी ये तीखी-खट्टी चटनी बिना तेल-मसाले वाले खाने में स्वाद बढ़ा देगी, जानें बनाने की रेसिपी।**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

घर में अगर वहीं सब्जी, दाल, रोटी बनती है और आप उस खाने का टेस्ट बढ़ाना चाहते हैं तो चटनी सबसे अच्छा ऑप्शन है। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाता है। साथ ही चटनी बनाना आसान भी होता है। चटनी को बनाकर फ्रिज में स्टोर कर लिया जाए तो ये दो से तीन दिन आराम से खाई जा सकती है। तो अगर आप घर में बने खाने का जायका बढ़ाना चाहती हैं तो दही की राजस्थानी स्टाइल चटनी बनाकर रख सकती हैं। इसे बनाना बिल्कुल आसान है। बस लहसुन और दही को इस तरह से मिक्स कर लें। जानें पूरी रेसिपी।

### लहसुन और दही की चटनी बनाने की सामग्री

- 1 कप दही
- 6-7 कली लहसुन
- लाल मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- जीरा
- राई
- हींग
- प्याज बारीक कटी हुई
- अचार मसाला पाउडर
- कसूरी मेथी
- हल्दी पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- तेल

### राजस्थानी स्टाइल दही की चटनी बनाने की विधि

सबसे पहले दही को अच्छी तरह से फेंट लें। इसे फेंटने के बाद दही में कश्मीरी लाल मिर्च करीब एक चम्मच डाल लें। साथ में धनिया पाउडर और हल्दी पाउडर डाल लें। स्वादानुसार नमक डालकर मिक्स कर लें। लहसुन की कलियों को कूटकर रख लें।

अब किसी पैन में तेल गर्म करें। तेल के गर्म होते ही इसमे जीरा चटकाएं। साथ में राई और हींग का तड़का लगाएं। बारीक कटा प्याज डालें। प्याज भूनने के बाद इसमे लहसुन कुटा हुआ डालकर अच्छी तरह से भूनें। जब ये भुन जाएं तो दही डालकर मिक्स करें और भूनें। दही भुनने के बाद इसमे अचार का मसाला पाउडर और कसूरी मेथी डालकर मिक्स कर दें। बस तैयार है टेस्टी दही की चटनी, इसे फ्रिज में करीब 5 दिनों तक स्टोर किया जा सकता है।

### खास टिप्स

मसाले में दही डालते समय ध्यान रहे कि आंच धीमी हो और लगातार दही चलाते रहें। जिससे कि दही फटे नहीं। दही को तब तक चलाएं जब तक कि ये भुनकर तेल ना छोड़ दें। उसके बाद ही इसमे अचार का मसाला पाउडर और कसूरी मेथी डालकर गैस बंद करें।

---

# गर्मियों में बच्चों की स्किन का यूं रखें ख्याल, सनस्क्रीन से लेकर नेचुरल चीजों का करें इस्तेमाल



**PARENTING**

**गर्मियों की चिलचिलाती धूप में हर कोई घर में रहना चाहता है। लेकिन बच्चे हमेशा बाहर खेलने की जिद करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनकी स्किन का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

तेज गर्मियों में भी बच्चे का खेलना-कूदना तो बंद हो नहीं सकता। लेकिन चिलचिलाती धूप और गर्मी बच्चे की सेहत के साथ ही स्किन के लिए भी नुकसान करती है। इसलिए सेहत के साथ उसकी बॉडी का भी पूरा ध्यान रखें। अधिकतर धूप, गर्मी, पसीना, धूल-मिट्टी की वजह से बच्चों के शरीर पर रैशेज, घमौरियां, टैनिंग की दिक्कत होने लगती है। इसलिए जरूरी है कि घरेलू नुस्खों के साथ ही सनस्क्रीन को भी बच्चों को जरूर लगाएं।

### धूप में ना खेलने दें

बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है कि उन्हें दोपहर के 12 बजे से 4 बजे तक धूप में ना निकलने दें। इस समय की धूप स्किन पर बुरा इफेक्ट डालती है औ सन बर्न होने का डर रहता है।

### सनस्क्रीन है जरूरी

बड़ों की तरह ही बच्चों के लिए भी सनस्क्रीन जरूरी है। अगर बच्चा 12 साल से बड़ा है और बाहर प्लेग्राउंड में जमकर खेलता है तो जरूरी है कि उसे सनस्क्रीन की प्रोटेक्शन दी जाए। जिससे कि यूवी रेज स्किन को नुकसान ना पहुंचाएं। एसपीएफ 25 प्रोटेक्शन की सनस्क्रीन बच्चों की बॉडी पर लगाएं। साथ ही इसे दिनभर में पानी से साफ करने के बाद फिर से अप्लाई करें।

### नहाना है जरूरी

बच्चा स्कूल से घर लौटे या खेलकर घर लौटे, जरूरी है कि उसे नहाने को बोलें। नहाने से शरीर पर बैठे बैक्टीरिया और जर्म्स धुल जाएंगे। जमे हुए बैक्टीरिया ही स्किन पर फोड़े, फुंसी और दानों के साथ ही फंगल इंफेक्शन का रूप ले लेते हैं।

### कपड़ों का रखें ध्यान

गर्मियों में बच्चों को कॉटन, लिनेन के हल्के कपड़े पहनाएं। साथ ही घर से बाहर जाते समय पूरी तरह से कवर कपड़े ही पहनाएं। जिससे यूवी रेज डायरेक्ट स्किन पर ना पड़ें। इसके साथ ही कपड़े ढीले-ढाले हों जिससे बॉडी को हवा मिलती रहे और पसीना सूखता रहे।

---

# पिंपल के डर से नहीं खाते आम, इन तरीकों को अपना कर ले सकेंगे आम का पूरा स्वाद

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

**HEALTH CARE**



**बहुत सारे लोगों को आम बहुत पसंद होता है लेकिन खाते ही चेहरे पर दाने निकल आते हैं। आम खाने से चेहरे पर दाने निकलते हैं तो आयुर्वेद के इन नियम को फॉलो करें।**

फलों का राजा आम को बोला गया है। गर्मियों में आने वाले इस फल का पूरे साल लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन जैसे ही आम खाना शुरू नहीं किया कि चेहरे पर पिंपल और दाने निकलने लगते हैं। ऐसे में आम खाने का पूरा मजा नहीं मिल पाता और बहुत सारे लोग तो इस डर से आम ही नहीं खाते। अगर आपके साथ ही ऐसा होता है तो आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉक्टर दीक्षा भवसार के बताए इन तीन तरीकों को याद रखें। इस तरह से आम खाएंगे तो चेहरे पर कभी भी दाने या मुंहासे की समस्या नहीं परेशान करेगी।

### आम खाने से क्यों निकलते हैं मुंहासे

आम खाने से चेहरे पर सीबम का स्त्राव ज्यादा हो जाता है। जिसकी वजह से चेहरे के ऑयल ग्लैंड्स पर असर पड़ता है और वो ज्यादा मात्रा में ऑयल निकालने लगती हैं। ऐसे में बहुत सारे लोग जब ज्यादा मात्रा में आम खा लेते हैं तो उनके चेहरे पर दाने निकल आते हैं। वहीं जिन लोगों में इंसुलिन सेसेंटिविटी होती है। उन्हें भी आम खाने से दाने निकलने लगते हैं क्योंकि आम में हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। जो इंसुलिन लेवल को प्रभावित करता है। आम खाने से चेहरे पर दाने निकल आते हैं तो आयुर्वेद एक्सपर्ट की बताए इन तरीकों से आम खाएं। एक्ने से छुटकारा मिलेगा।

### आम को भिगो लें

आम को खाने से करीब 2-3 घंटा पहले भिगों लें। ऐसा करने से आम में मौजूद फाइटिक एसिड निकल जाएगा। फाइटिक एसिड एंटी न्यूट्रिशिएंट होता है जो बॉडी को आम के जरूरी मिनरल्स जैसे आयरन, जिंक, कैल्शियम को बॉडी में अबजॉर्ब होने से रोकते हैं। जब आम को पानी में भिगोया जाता है तो ये फाइटिक एसिड आम से निकल जाते हैं। जो शरीर में हीट बढ़ाने का काम करते हैं और आम के सारे न्यूट्रिशन आसानी से शरीर को मिलते हैं।

### आम को खाने का सही तरीका

आम को किसी भी दूसरे फ्रूट्स की तरह ही खाएं। बहुत सारे लोगों को आदत होती है खाना खाने के बाद आम खाना पसंद करते हैं। लेकिन आम को खाने से एक घंटा पहले या फिर खाना खाने के दो घंटा बाद ही खाएं। इससे चेहरे पर दाने या मुंहासे निकलने की दिक्कत नहीं होगी।

### सब्जा सीड्स करेगा मदद

आम खाने से डाइजेशन डिस्टर्ब होता है और एक्ने हो जाते हैं तो आम के साथ भीगे हुए सब्जा सीड्स को खाएं। एक चम्मच सब्जा सीड्स आम के साथ खाने से चेहरे पर दाने नहीं निकलते हैं और बॉडी को ठंडक मिलती है।

# सख्त ऐक्शन होगा; आस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले और खालिस्तान पर भी नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम से लिया वादा

*ऑस्ट्रेलिया के तीन दिनों के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी ने मंदिरों पर हमले का मुद्दा उठाया है। बीते कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी उपद्रवियों द्वारा मंदिरों पर हमले करने का मुद्दा उठाया।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



ऑस्ट्रेलिया के तीन दिनों के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी ने मंदिरों पर हमले का मुद्दा उठाया है। बीते कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी उपद्रवियों द्वारा हिंदू मंदिरों पर हमले करने का मुद्दा उठाया और ऐक्शन लेने की अपील की। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने कड़े ऐक्शन का भरोसा दिलाया है। पीएम मोदी ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'पीएम एंथनी अल्बनीज और मैंने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हुए हमलों को लेकर बात की। यहां अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों पर भी बात हुई।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हम ऐसे किसी तत्व को स्वीकार नहीं करेंगे, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों पर असर डालते हों। पीएम अल्बनीज ने मुझे भरोसा दिलाया है कि वे भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लेंगे।' पीएम ने इस दौरान एक बार भी खालिस्तान शब्द का जिक्र नहीं किया, लेकिन अलगाववादी तत्वों से उनका इशारा इसी तरफ था। इसे लेकर जब अल्बनीज ने सवाल किया गया तो उन्होंने भी कहा कि धार्मिक स्थानों और पूजा स्थलों पर हमला करने की घटनाओं से सख्ती से निपटा जाएगा।

पीएम मोदी ने अल्बनीज की मौजूदगी में कहा, 'हमें यह कतई मंजूर नहीं है कि कोई भी अपने कृत्यों या विचारधारा से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को ठेस पहुंचाए।' मोदी ने ऐसी घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अल्बनीज का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री अल्बनीज ने आज मुझे एक बार फिर आश्वासन दिया है कि वह भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेंगे।' ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ अपनी लगातार हो रही बैठकों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों की गहराई को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, 'पिछले एक वर्ष में हम छठी बार मिल रहे हैं। यह हमारे व्यापक संबंधों की गहराई और परिपक्वता को दर्शाता है। क्रिकेट की भाषा में कहें, तो हमारे संबंध टी20 प्रारूप में हैं।'मोदी ने बताया कि दोनों पक्षों ने खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग पर भी सार्थक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया में जीवंत भारतीय समुदाय को दोनों देशों के बीच एक सेतु बताया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने खुले, समृद्ध और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। अल्बनीज ने कहा, 'यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें हमें निवेश करने की जरूरत है। भारत के साथ हमारी मजबूत साझेदारी व्यापार, निवेश, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया के लिए फायदेमंद है।'

## पारंपरिक पोशाक साड़ियों में साइकिल चलाना

# बाधाओं को तोड़ना और परिवर्तन को प्रेरित करना

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



साइकिलगिरी समूह की महिलाओं ने रविवार, 21 मई को एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की, जब वे पारंपरिक पोशाक साड़ियों में सजी साइकिलिंग के अनूठे प्रदर्शन में चंडीगढ़ की सड़कों पर उतरीं। इस असाधारण घटना का उद्देश्य रूढ़िवादिता को चुनौती देना और महिलाओं को अपने दैनिक जीवन के हिस्से के रूप में साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करना था। भोर होते ही, तीस महिलाओं का समूह किसान भवन में इकट्ठा हुआ और अपने साइकिल चलाने के साहसिक कार्य में लग गया। उनका मार्ग उन्हें सुरम्य सुखना झील तक ले गया, जहां उन्होंने सेक्टर 17 के अंडरपास पर जीवंत और लयबद्ध महाराष्ट्रियन डांस स्टेप्स का आनंद लिया। प्रतिभागियों की ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने परंपरा और रोमांच के मिश्रण का जश्न मनाया।

पेशे से स्त्री रोग विशेषज्ञ और साइकिलगिरी ग्रुप की दूरदर्शी संस्थापक डॉ. सुनयना बंसल ने इस अनूठी पहल के माध्यम से अपना हार्दिक संदेश व्यक्त किया।

साइकिल चलाने के शारीरिक लाभों के अलावा, यह जिस मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। प्रतिभागियों ने चंडीगढ़ की हलचल भरी सड़कों से गुजरते हुए ऊर्जा और शांति की एक नई भावना महसूस की। साइकिल चलाने से यातायात की भीड़ के तनाव से मुक्ति मिलती है और एक शांत और केंद्रित मानसिकता मिलती है, जिसके परिणामस्वरूप उनके दैनिक कार्यों में दक्षता में वृद्धि होती है। साइकिल को अपनी दिनचर्या में शामिल करके, इन महिलाओं ने स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, ईंधन की खपत को कम करने और प्रदूषण को कम करने में भी योगदान दिया।

इस आयोजन के लिए समर्पण और तैयारी स्पष्ट थी क्योंकि साइकिलगिरी समूह की महिलाओं ने पिछले महीने इस असाधारण सवारी के लिए उत्सुकता से तैयारी की। पिछले दस दिन उत्साह और उत्साह की बाढ़ के थे, क्योंकि उन्होंने अपने कौशल को ठीक किया और उस दिन का बेसब्री से इंतजार किया जब वे अपनी अटूट भावना का प्रदर्शन कर सकते थे।

पारंपरिक परिधान साड़ियों में साइकलगिरी ग्रुप का साइकिलिंग एडवेंचर हर जगह महिलाओं के लिए प्रेरणा का काम करता है, सांस्कृतिक सीमाओं को पार करता है और एकता, सशक्तिकरण और स्वतंत्रता की अदम्य भावना का प्रदर्शन करता है। यह एक शक्तिशाली संदेश देता है कि विविध संस्कृतियों की सुंदरता का जश्न मनाते हुए महिलाएं किसी भी चुनौती को जीत सकती हैं।

## डिजिटल इंडिया का उदय

# प्रौद्योगिकी से राष्ट्र का परिवर्तन

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



21वीं सदी में सतत आर्थिक विकास तेज गति से तकनीकी प्रगति से प्रेरित है, जिसने हमारे जीने, काम करने और बातचीत करने के तरीके में क्रांति ला दी है। डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार ओर से जोर दिए जाने और प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से हाल के वर्षों में भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। 1.4 बिलियन से अधिक लोगों वाला भारत देश विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। भारत में 800 मिलियन से अधिक इंटरनेट कनेक्शन हैं और प्रति ग्राहक औसत मासिक डेटा खपत 16जीबी से अधिक है, जो 2014 के बाद से 266 गुना की चौंकाने वाली वृद्धि है।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) परियोजना जैसी पहलों के साथ हाल के वर्षों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए भारत सरकार के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अलावा, सरकार ने भारत में डेटा केंद्रों के विकास को सुविधाजनक बनाने और एक मजबूत दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन और राष्ट्रीय डेटा केंद्र नीति भी शुरू की है। इनके परिणामस्वरूप, व्यवसायों और लोगों को तेज इंटरनेट गति, बेहतर नेटवर्क कवरेज और डिजिटल सेवाओं तक बेहतर पहुंच का लाभ मिल सकता है।

अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए, भारत ने एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। इंडिया स्टैक भारत में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के एक कलेक्शन से जुड़ा है। यह तीन अलग-अलग लेयर्स: विशिष्ट पहचान (आधार), पूरक भुगतान प्रणाली (एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), आधार भुगतान ब्रिज, आधार समर्थित भुगतान सेवा) और डेटा एक्सचेंज (डिजिलॉकर और खाता एग्रीगेटर) से बना है। ये सार्वजनिक और निजी सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए ऑनलाइन, पेपरलेस, कैशलेस और गोपनीयता-संरक्षित डिजिटल पहुंच प्रदान करने के लिए मिलकर काम करते हैं।

जन धन, आधार और मोबाइल की तिकड़ी यानी जेएएम ट्रिनिटी - भारत के परिवर्तित डिजिटल भुगतान परिदृश्य के केंद्र में एक महत्वपूर्ण संबल है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। इसे अगस्त 2014 में लॉन्च किया गया था। इसका लक्ष्य बैंकिंग सेवा से वंचित हरेक परिवार को व्यापक तौर पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। जन धन खाते, आधार और मोबाइल कनेक्शन इन सभी ने डिजिटल इंडिया की स्थापना में योगदान दिया है। इसके अलावा, अनेक प्लेटफार्मों में ऑनलाइन शिक्षा, ई-मेडिसिन, फिनटेक, बेहतर कृषि पद्धतियां, अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध सेवा का



**राजेश कुमार सिंह**
(सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय)

वितरण सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा प्लेटफार्मों का लाभ उठाया गया है। कोविन और डिजिटल सर्टिफिकेट जैसी ऑनलाइन प्रणालियों को आज दुनिया भर में सफलता की कहानियों के रूप में उद्धृत किया जा रहा है।

यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) की डिजिटल क्षमता से उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियों को भी जबरदस्त फायदा हुआ है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी लाना और देश में औसत लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शुरुआती बाधाओं को दूर करने और व्यापक बाजारों तक पहुंच के लिए अग्रणी है। यह ई-कॉमर्स क्षेत्र में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के रूप में दिखाई दे रहा है जो एमएसएमई के लिए उभरते अवसरों का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

सामान की तेज और कुशल आवाजाही को सक्षम करने के लिए, सरकार ने देश के लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए अत्यधिक निवेश किया है। जीपीएस ट्रैकिंग, रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) और तत्क्षण निगरानी की सुविधा ने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस को और अधिक पारदर्शी बना दिया है। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) मानचित्र पर देश में सभी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लॉजिस्टिक सुविधाओं का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म मानचित्रण का विवरण है। इसके अलावा, सरकारी सेवाओं और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने व्यवसायों के लिए नियमों के अनुपालन में लगने वाले समय और पहलों को कम कर दिया है, जिससे निवेशकों के लिए भारत में अपना व्यवसाय स्थापित करना और संचालित करना आसान हो गया है।

नेशनलसिंगल विंडो सिस्टम(एनएसडब्ल्यूएस) भारत सरकार की एक पहल है, जो व्यापारियों को एक ही पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेजों और सूचनाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करने की अनुमति देकर व्यवसायों के लिए सरकारी अनुमोदन को कारगर बनाने के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करती है, जिससे कई एजेंसियों के लिए भाग-दौड़ करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है तथा मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त करने में लगने वाले समय के साथ-साथ लागत भी कम हो गई है। एक और उदाहरण जो खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करता है, वह है गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम), जो एक ऑनलाइन खरीद प्लेटफार्म है जिसे खरीद संबंधी गतिविधियों के लिए खरीदारों और विक्रेताओं के लिए एक समावेशी, कुशल और पारदर्शी, एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी प्लेटफार्म बनाने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था।

स्टार्टअप इंडिया पहल भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करना है। माननीय प्रधानमंत्री ने 2016 में स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया था। भारत का फलता-फूलता स्टार्टअप इकोसिस्टम देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का एक प्रमाण है, जिसने उद्यमियों को वे उपकरण और संसाधन प्रदान किए हैं जिनकी उन्हें पारंपरिक व्यापार मॉडल के स्थान पर नए मॉडल को अपनाने में आवश्यकता है। पिछले पांच वर्षों में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा मान्यताप्राप्त 92,683 से अधिक स्टार्टअप के साथ, भारत का स्टार्टअप परिदृश्य दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हो गया है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के लिए एक समर्पित पोर्टल भी स्थापित किया है और पेटेंट आवेदन प्रक्रिया को कारगर बनाने के उपाय किए हैं।

उपभोक्ताओं और पर्यावरण की बदलती जरूरतों के साथ आर्थिक प्रक्रियाएं लगातार विकसित हो रही हैं। निकट भविष्य में, उभरती भविष्य की प्रौद्योगिकियां लगभग सभी आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों का एक अनिवार्य तत्व होंगी। हमारे सामने चुनौती इन प्रक्रियाओं को और अधिक समावेशी और मानवीय बनाने की है, ताकि सामान्य व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंच सके।

भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर "कारोबारी सुगमता के शीर्ष पर जीवन सुगमता" को बढ़ावा देने के प्रयास में जुटा है, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यवसायों और नागरिकों दोनों को लाभान्वित करने के लिए एक समावेशी और लोकतांत्रिक परिदृश्य को बढ़ावा देना है।

# पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 में तीसरा रैंक प्राप्त हुआ

*• पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 में 'कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान' श्रेणी में देश भर में तीसरा रैंक प्राप्त हुआ*

• **जालंधर ब्रीज.** बठिंडा



पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा (सीयूपीबी) ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 की विभिन्न श्रेणियों में से एक 'कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान' श्रेणी में देश भर में तीसरा रैंक प्राप्त करके विजेताओं की सूची में शामिल होने का गौरव हासिल किया है। राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा प्रदान किए जाते हैं। हाल ही में मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 के विजेताओं के नाम घोषित किए गए हैं।

इस जानकारी से संबंधित जल शक्ति मंत्रालय का पत्र हाल ही में पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राघवेंद्र पी. तिवारी को प्राप्त हुआ है। इस पत्र के अनुसार, इस पुरस्कार के विजेता के रूप में पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के साथ नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय आगामी समय में आयोजित होने वाले जल पुरस्कार 2022 समारोह के दौरान सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेगा।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार (एनडब्ल्यूए), सरकार की 'जल समृद्ध भारत' की परिकल्पना को पूरा करने के काम में देश भर में राज्यों, जिलों, संगठनों, व्यक्तियों आदि द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों और प्रयासों की पहचान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए दिए जाते हैं। इसका उद्देश्य जनता को पानी के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें सर्वोत्तम जल उपयोग प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी ने इस उपलब्धि के लिए सीयूपीबी परिवार को बधाई दी। उन्होंने डॉ. सुनील मित्तल (डीन, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान विद्यापीठ), डॉ. जे.के. पटनायक (विभागाध्यक्ष, भूविज्ञान विभाग), डॉ. पी.के. साहू (पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग), प्रो. संजीव ठाकुर (वनस्पति विज्ञान विभाग), इंजीनियर सौरभ गुप्ता (कार्यकारी अभियंता), और इंजीनियर पुनीत (कनिष्ठ अभियंता) की विश्वविद्यालय में जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन में योगदान देने और मंत्रालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सराहना की।

माननीय कुलपति प्रो. राघवेंद्र पी. तिवारी ने बताया कि पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल संसाधन संरक्षण, प्रबंधन और परिसर में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। विश्वविद्यालय के पास सीवरेज के पानी के पुन: उपयोग, वर्षा जल संचयन, ड्रिप सिंचाई और जल के कुशल उपयोग के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। प्रो. तिवारी ने कहा कि सीयूपीबी प्रशासन पानी की हर बूंद को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि हमारा विश्वविद्यालय पंजाब में कम पानी वाले क्षेत्र में अवस्थित है।

कुलपति प्रो. राघवेन्द्र पी. तिवारी ने कहा कि इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को भारत में एक आदर्श संस्थान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है, जहां सभी जल संसाधनों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाएगा

# मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे प्रोजेक्टों के लिए लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए आदेश

*1173 किलोमीटर लंबाई वाले 15 ग्रीनफील्ड ऐक्सप्रैस वे और 436 किलोमीटर लंबाई वाले 9 ब्राऊनफील्ड ऐक्सप्रैस का होना है निर्माण: वीके जंजुआ*

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ ने गुरूवार को राज्य में बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे प्रोजेक्टों के काम की समीक्षा करते हुए लंबित कार्य जल्द पूरा करने के आदेश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) के चल रहे प्रोजेक्टों की समीक्षा करते हुए समूह डिप्टी कमिश्नरों को ज़मीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तुरंत मुकम्मल करने और सम्बन्धित व्यक्तियों को मुआवज़ा अदा करें, जिससे राजमार्गों का निर्माण समय पर हो सके। सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारियों, एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों और ज़िलों के डिप्टी कमिशनरों के साथ बैठक के दौरान जंजुआ ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा राज्य में चल रहे राष्ट्रीय प्रोजेक्टों को समय पर मुकम्मल करने के निर्देशों के चलते इनको मुकम्मल किया जाए और इस मामले में कोई ढीलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को मुआवज़े के रूप में 15 हज़ार करोड़ रुपए की राशि मिलनी है और 40 हज़ार करोड़ रुपए की लागत की सडक़ों का निर्माण होना है।

जंजुआ ने आगे बताया कि राज्य में 15 ग्रीनफील्ड ऐक्सप्रैस वे बन रहे हैं, जिनकी लंबाई 1173 किलोमीटर है और 9 ब्राऊनफील्ड ऐक्सप्रैस 436 किलोमीटर की लंबाई के बन रहे हैं। इनमें दिल्ली - अमृतसर - कटरा ऐक्सप्रैस वे, अमृतसर- बठिंडा, लुधियाना- बठिंडा, मोहाली- बठिंडा और लुधियाना- रोपड़, जालंधर बाईपास, अमृतसर बाईपास, मोहाली बाईपास और लुधियाना बाईपास प्रमुख हैं।

# जालंधर का अगला मेयर व सांसद भाजपा का बनेगा : जीवन गुप्ता

## नगर निगम चुनावो को लेकर बैठक हुई सफलतापूर्वक संपन्न

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर




भारतीय जनता पार्टी ज़िला जालंधर की कार्यकारिणी की बैठक ज़िला भाजपा अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में केएल सहगल मेमोरियल हाल में सम्पन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री व जोनल इंचार्ज जीवन गुप्ता, ज़िला प्रभारी पुष्पेंद्र सिंघल भी सम्मिलित हुए। जिला कोर कमेटी से ज़िला प्रधान सुशील शर्मा, जालंधर के पूर्व मेयर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राठौर, पूर्व संसदीय सचिव केडी भंडारी, पूर्व विधायक सरबजीत सिंह मक्कड़, पूर्व जिला अध्यक्ष रमन पब्बी व रमेश शर्मा भी पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। इस अवसर पर सुशील शर्मा ने प्रदेश महामंत्री और सभी पदाधिकारियों का इस बैठक में पहुँचने में स्वागत किया।

मंच का संचालन ज़िला महामंत्री अशोक सरीन ने किया। राकेश राठौर ने कहा कि हमारे लिए सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा आने वाले समय में नगर निगम के चुनाव हैं, जिसके लिए हम सबको एकजुट होकर लड़ना होगा। हमारी जीत बहुत नजदीक है बस हमें एक होकर सभी कार्यकर्ताओं को पूरा जोर लगाना पड़ेगा। जनता हमें वोट देगी और हम जालंधर में फिर से भाजपा का मेयर बनाएंगे। प्रदेश महामंत्री एवं जोनल इंचार्ज जीवन गुप्ता ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा उपचुनाव में पार्टी के हर वर्कर कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने अपनी अपनी कार्यक्षमता से बढ़कर काम करने को लेकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ने अपनी योग्यता के अनुरूप बढ़कर अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हमने इस उपचुनाव में जालंधर शहरी में 40 से ज्यादा नगर निगम के वार्डों में जीत हासिल की है। यह जीत हमें नगर निगम के चुनावों में सहायक सिद्ध होगी। जिन लोगों ने इस चुनाव में वोट भाजपा को दिया था, वह नगर निगम के चुनावों में भी अपना वोट भाजपा के पक्ष में डालेंगे। उन्होंने कहा कि जालंधर का अगला मेयर व सांसद भाजपा से होगा।

# पंजाब भर में प्लेसमेंट मुहिम शुरू करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिबद्धता के अनुसार राज्य के नौजवानों को रोजग़ार के अधिक से अधिक अवसर मुहैया करवाने के लिए पंजाब के रोजग़ार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने विभाग के अधिकारियों को अगले महीने से पंजाब भर में प्लेसमेंट मुहिम शुरू करने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

यहाँ पेडा कॉम्पलैक्स में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने अधिकारियों को स्थानीय उद्योगों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कहा, जिससे उनकी रोजग़ार सम्बन्धी ज़रूरतों के बारे में पता लगाया जा सके। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि विभाग के अधिकारियों का ध्यान केवल रजिस्ट्रेशन की संख्या बढ़ाने के बजाय विभाग के पास पहले से रजिस्टर नौजवानों को रोजग़ार प्राप्त कर मानव संसाधन में तबदील करने पर होना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि प्लेसमेंट सैल और ज़िला रोजग़ार एवं उद्यम ब्यूरो (डी.बी.ई.ई.) को नौजवानों में पसंदीदा बनाया जाए और उनको इन केन्द्रों में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे इच्छुक नौजवानों को अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्ध रोजग़ार के नए अवसरों के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जॉब पोर्टल पर कुशल मानव संसाधन के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए।

# सरकार को ग्रामीण डिस्पेंसरियां खोलनी चाहिएं : जयवीर शेरगिल

*बोले- आम आदमी पार्टी की सरकार ग्रामीण पंजाब के लोगों की जिंदगियों को खतरे में डाल रही है*

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने कहा है कि आप सरकार द्वारा ग्रामीण डिस्पेंसरियो को बंद करने के चलते पंजाब के हजारों गांव में रहने वाले लोग प्राथमिक सेहत सुविधाओं तक पहुंच ना होने के चलते गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिसे लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना की है। यहां जारी एक बयान में शेरगिल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ग्रामीण पंजाब को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित करके उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

शेरगिल ने कहा कि तापमान बढ़ रहा है और लू चलने की संभावना है। जिसके चलते ग्रामीण डिस्पेंसरियों को फिर से खोलना समय की जरूरत है, जिन्हे आप सरकार बिजली की गति से बंद कर रही है। शेरगिल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को पता ही नहीं है कि लू के दौरान पेरासिटामोल और ओआरएस पाउच जैसी दवाएं सबसे जरूरी होती हैं। इन हालातों में मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता और ग्रामीण डिस्पेंसरियों को फिर से खोलने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

शेरगिल, जो पंजाब भाजपा के परमानेंट इन्वाइटी मैंबर भी हैं, ने कहा कि न केवल ग्रामीण डिस्पेंसरियों को चालू किया जाना चाहिए, बल्कि आप सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि एक रूरल मेडिकल अफसर (आरएमओ), नर्सिंग, फार्मासिस्ट और चौथी श्रेणी के कर्मचारियों के अलावा, आवश्यक उपकरण और सभी आवश्यक दवाओं का स्टॉक इन डिस्पेंसरियों में उपलब्ध करवाया जाए।

आप सरकार पर निशाना साधते हुए, शेरगिल ने कहा कि ग्रामीण डिस्पेंसरियों को बंद करना पूरी तरह से अनुचित और अकारण है। उन्होंने कहा कि नइस कदम ने पंजाब में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को पंगु बना दिया है।

इस दौरान शेरगिल ने आप सरकार द्वारा पंजाब में अब तक खोले गए 584 आम आदमी क्लीनिकों का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रामीण डिस्पेंसरियां गांवों में रहने वाले लोगों को उनके घरों के पास ही सेवाएं देती थीं, जबकि ये आम आदमी क्लीनिक गांवों से बहुत दूर हैं, जिसके लिए बुजुर्ग लोगों को प्रतिकूल मौसम में कई किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी और वह भी तब जब वे बीमार हों। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने दिल्ली मॉडल को लागू करने के लिए आम आदमी क्लीनिक खोलने पर भगवंत मान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि सिर्फ सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री ऐसे फैसले ले रहे हैं, जो पंजाब के लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं।

शेरगिल ने कहा कि पंजाब विधानसभा के पिछले सत्र में सरकार ने आश्वासन दिया था कि ग्रामीण लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया जाएगा, लेकिन जालंधर संसदीय उपचुनाव जीतने के बाद इन्होंने लोगों को फिर से धोखा दिया है। उन्होंने दोहराया कि सभी ग्रामीण डिस्पेंसरियां रूरल हेल्थकेयर की जीवन रेखा हैं और इन्हें बिना किसी देरी के फिर से खोला जाना चाहिए।

# परिवहन मंत्री भुल्लर आँखें दान करने वाले पंजाब के पहले कैबिनेट मंत्री बने



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर अपनी आँखें दान करने संबंधी प्रण लेने वाले पंजाब के पहले कैबिनेट मंत्री बन गए हैं। उन्होंने आज रोटरी आई बैंक और कॉर्नियाँ ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी होशियारपुर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान आँखें दान करने सम्बन्धी अपना फॉर्म भरा। अपने कार्यालय में बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने पंजाब निवासियों को भी अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस नेक कार्य में हिस्सा लें।

रोटरी आई बैंक और कॉर्नियाँ ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी के चेयरमैन श्री जे.बी. बहल के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनकी संस्था लोगों को मरने के उपरांत आँखें दान करने के लिए प्रेरित करती है और वह अब तक 3800 से अधिक लोगों को आँखों की रोशनी दिला चुके हैं।

# स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. निज्जर ने नगर सुधार ट्रस्टों के चेयरमैनों के साथ की मीटिंग

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. इन्दरबीर सिंह निज्जर ने राज्य में नगर सुधार ट्रस्टों के कामकाज से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों और माँगों के समाधान के लिए ट्रस्टों के चेयरमैनों के साथ मीटिंग की। मीटिंग का उद्देश्य पंजाब के विकास के लिए सहयोग को बढ़ाना और प्रभावशाली उपायों की रणनीति बनाना था। मीटिंग के दौरान ट्रस्टों के चेयरमैनों से सम्बन्धित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. निज्जर ने चेयरमैनों को अनमोल मार्गदर्शन और समझ प्रदान की, जिससे वे अपने-अपने क्षेत्रों में पेश चुनौतियों को दूर करने के सक्षम होंगें। उन्होंने कहा कि राज्य के शहरों की बेहतर छवि बनाना और शहर निवासियों को उचित नागरिक सेवाएं देने में ट्रस्टों का अहम रोल है।

मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे प्रोजेक्टों में तेज़ी लाने, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने और स्रोतों के सर्वोत्तम प्रयोग को यकीनी बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। ट्रस्टों के चेयरमैनों ने पंजाब के सर्वांगीण विकास को उत्साहित करने के लिए भावी पहलकदमियों के लिए अपने एजेंडे और प्रस्ताव भी पेश किये।

डॉ. निज्जर ने इस बात पर रौशनी डाली कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पंजाब को एक जीवंत और खुशहाल राज्य में बदलने की इच्छा रखती है। इस अनुसार मंत्री ने ट्रस्टों के चेयरमैनों को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक दूसरे के साथ तालमेल करके काम करने की सलाह दी। डॉ. निज्जर ने फ़ैसला लेने की प्रक्रिया में भाईचारक शमूलियत और जन भागीदारी की महत्ता को केंद्रित किया। उन्होंने टिकाऊ और समावेशी शहरी स्थान बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया जो सभी निवासियों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करते हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्थानीय निकाय विभाग पंजाब में विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए वचनबद्ध है और राज्य में तरक्की और खुशहाली को यकीनी बनाने के लिए नगर सुधार ट्रस्टों के चेयरमैनों के साथ सहयोग करना जारी रखेगा। इस मौके पर मीटिंग में स्थानीय निकाय विभाग के सचिव अजोए शर्मा और स्थानीय निकाय विभाग के डायरैक्टर, उमा शंकर गुप्ता भी विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# डीसी ने नागरिकों को अपना आधार अपडेट करने की अपील की

*'माई आधार वैबसाइट', सेवा केंद्र, बैंक, डाकखाने पर आनलाइन किया जा सकता है अपडेशन*

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने जिले के आधार कार्ड धारकों को पहचान के सबूत व नवीनतम पते के सबूतों के साथ संबंधित दस्तावेज जमा करवा कर अपने आधार कार्ड दोबारा से प्रमाणित करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे आधार कार्ड को और मजबूत पहचान दस्तावेज बनाया जा सकता है, जिसके लिए सरकार की ओर से आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि यू.आई.डी.ए.आई ने आधार कार्ड के साथ नए पहचान दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए आप्शन भी मुहैया करवाया है। 'माई आधार पोर्टल' या नजदीक के आधार इनरोलमेंट केंद्रों के माध्यम से इन दस्तावेजों को अपलोड किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन नागरिक पिछले 8 से 10 वर्षों के बीच अपने आधार कार्ड में कोई भी अपडेशन नहीं करवाई या उनका पता बदल गया है, वे अपडेशन करवाने को यकीनी बनाएं। उन्होंने बताया कि चाहे नागरिक की जानकारी में बदलाव न भी हुआ हो, तो भी मौजूदा आधार कार्ड पहचान व पते के सबूतों को प्रमाणित करवाना जरुरी है।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि यदि मोबाइल नंबर आधार कार्ड रजिस्टर्ड है तो आधार कार्ड धारक https://myaadhaar.uidai.gov.in पर लॉगइन कर, आनलाइन इस सेवा का लाभ ले सकता है।

# जिला स्तरीय युवा मेले में सांसद मुहम्मद सिद्दीक ने युवाओं को प्रेरित किया

## अमृत महोत्सव पर सीबीसी प्रदर्शनी ने शो चुराया

• **जालंधर ब्रीज.** फरीदकोट



भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत नेहरू युवा केंद्र ने फरीदकोट के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक उल्लेखनीय जिला स्तरीय युवा मेले का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संसद के सम्मानित सदस्य मुहम्मद सादिक की उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

आकर्षक कैंडल लाइटिंग सेरेमनी के साथ जीवंत कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसने आगे एक प्रेरक दिन के लिए मंच तैयार किया। संसद सदस्य मुहम्मद सादिक ने युवाओं की उन्नति और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए एक सशक्त भाषण दिया। उन्होंने सफलता के मार्ग के रूप में कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया और युवा प्रतिभागियों को अपने लक्ष्यों की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। मेले के दौरान प्रदर्शित की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सांसद ने खूब सराहा, जिससे छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता का पता चला। मुहम्मद सादिक ने भी इस अवसर पर आयोजकों को इस तरह के एक प्रभावशाली कार्यक्रम के आयोजन में उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी। इसके अलावा, उन्होंने मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो, अमृतसर द्वारा आयोजित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बिंदु बनकर उभरी। यह प्रदर्शनी स्थानीय निवासियों को देश की 75 वर्षों की उपलब्धियों और केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।

## कार्यभार संभाला



• **हरविंदर सिंह विर्क पीपीएस ने जालंधर कमिश्नर पुलिस में डीसीपी इन्वेस्टीगेशन का चार्ज संभाल लिया है।** (फोटो- जालंधर ब्रीज)

# पूर्व कोच ने बताया केएस भरत या ईशान किशन में से किसे मिलना चाहिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका

## 7 जून से इंग्लैंड के द ओवल में खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला

**मुंबई.** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से इंग्लैंड के द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि, इसको लेकर भारत के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। बड़ा सवाल यही है कि प्लेइंग इलेवन में विकेटकीपर के रूप में किसे शामिल किया जाए। दरअसल, भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत कार दुर्घटना में चोटिल हो गए थे और वह इससे उबर रहे हैं तो वहीं, उनके विकल्प के तौर पर विदेश जा रहे लोकेश राहुल की भी दाहिनी जांघ की सर्जरी की वजह से बाहर हैं। फिलहाल टीम



में केएस भरत और ईशान किशन विकेटकीपर के तौर पर शामिल है। भरत इससे पहले बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान विकेटकीपिंग की थी। वहीं, ईशान को डेब्यू करना है।

भरत बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके है वहीं, ईशान फिलहाल अच्छे फॉर्म में नजर आए। ऐसे में दोनों में से किसे प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाए। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसपर इपनी राय रखी है। रवि शास्त्री ने कहा कि आपको देखना होगा कि कौन बेहतर विकेटकीपर है। क्या यह भरत है या ईशान किशन? अब तथ्य यह है कि भरत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका दिया गया था जहां उन्होंने सभी टेस्ट मैच खेले थे, मुझे लगता है कि वह एकादश में चुने जाने के लिए स्पष्ट पसंद होंगे। दूसरी ओर ईशान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका नहीं मिला और आईपीएल के दौरान राहुल के चोटिल होने के बाद उन्हें डब्ल्यूटीसी की भारतीय टीम में शामिल किया गया।

भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक को लगता है कि भरत के अनुभव को उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्वत: पसंद बनाना चाहिए। कार्तिक ने कहा, 'मुझे लगता है कि भरत आसान पसंद होंगे क्योंकि इशान किशन को पदार्पण करना है और सीधे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना उम्मीद से कुछ ज्यादा हो जाएगा।' उन्होंने कहा, "और तथ्य यह है कि केएस भरत शायद बेहतर विकेटकीपर होने के कारण अपना पलड़ा भारी कर देते हैं।

# प्लेसमैंट कैंप में 17 उम्मीदवारों का रोजगार के लिए चुनाव

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो (डीबीईई) द्वारा वीरवार को दफ्तर में आयोजित प्लेसमैंट कैंप में 17 उम्मीदवारों का चुनाव किया गया। रोजगार उत्पति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी रंजीत कौर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमैंट कैंप में यैस बैंक, वासल ग्रुप, ओके टूल्स और केन ग्रॉस ने पहुँच की और 24 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 17 उम्मीदवारों का मौके पर रोजगार के लिए चुनाव किया गया।

रंजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्लेसमेंट कैंप आयोजित करता है। उन्होंने युवाओं को अधिक रोजगार के अवसरों के लिए जिला प्रशासन परिसर स्थित जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो से संपर्क करने को कहा और दफ्तर के हेल्पलाइन नंबर 90569-20100 पर संपर्क करने का अनुरोध किया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.